तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026

11 अन्नदाता के हक में गरियाबंद में किसान संघ का प्रदर्शन



12 गरियाबंद में तेंदुए का आतंक, 6 दिन में तीसरा हमला, 6 साल की बच्ची गंभीर





## सुशासन तिहार में हादसा, शिविर स्थल पर गिरा विशाल पीपल का पेड़, 7 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले के खरहरी गांव में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। शिविर स्थल के पास मौजूद एक विशालकाय पुराना पीपल का पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 7 लोग घायल हो गए, जिनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुशासन तिहार शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। कार्यक्रम देखने के लिए कुछ लोग पास स्थित पुराने पीपल के पेड़ पर चढ़ गए थे। इसी दौरान पेड़ की एक बड़ी शाखा टूट गई और देखते ही देखते पूरा पेड़ धराशायी हो गया। पेड़ गिरते ही वहां चीख-पुकार मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। घटना के समय जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और कलेक्टर भी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को रेस्क्यू कर तत्काल गरियाबंद जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने सुशासन तिहार शिविर कार्यक्रम को तत्काल स्थगित करने के निर्देश दिए। बाद में कलेक्टर भगवान सिंह उइके और पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों से उपचार संबंधी जानकारी ली। दोनों अधिकारियों ने चिकित्सकों को घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### घायलों को देखने जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर और एसपी, बेहतर इलाज के दिए निर्देश





### सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर

जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. हरीश चौहान ने बताया कि कुछ घायलों के हाथ और पैर में मामूली फ्रैक्चर आया है। सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। बच्चों का भी विशेष निगरानी में इलाज किया जा रहा है। हादसे में पेड़ की चपेट में आने से वहां खड़ा एक छोटा हाथी वाहन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद कुछ देर तक कार्यक्रम स्थल पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। इस बीच सरपंच संघ के अध्यक्ष कोमल राम ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि घायलों को समुचित उपचार और उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो सरपंच संघ जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को हादसे के पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल सहायता प्रदान करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जनगणना कार्य का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**मैनपुर।** भारत की जनगणना का कार्य देशभर में चल रहा है। इस प्रक्रिया की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर एवं जिला नोडल अधिकारी प्रिंसराव और जनगणना चार्ज अधिकारी गेंदलाल साहू तहसीलदार द्वारा तहसील अमलीपदर में स्थित ग्राम केंदूपाटी सगड़ा, बनवापारा के हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा गणनाकारों को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ काम करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। संबंधित के प्रगणक उपस्थित थे।

### जामगांव भैंड्री में हुई हनुमान प्रतिमा क्षतिग्रस्त, पहुंची राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी



**फिंगेश्वर।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जामगांव भैंड्री में स्थित हनुमान मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के पदाधिकारी तत्काल घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले का जायजा लिया। घटना को लेकर ग्रामीणों एवं संगठन पदाधिकारियों में आक्रोश देखा गया। संगठन ने प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। धार्मिक आस्था से जुड़े ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाने की आवश्यकता बताई। इस दौरान दशरथ सिन्हा अध्यक्ष, राष्ट्रीय हिंदू वाणी संगठन जिला गरियाबंद के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम में उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, मिंजून साहू, भागवत सिन्हा, नीलम साहू, राजेंद्र साहू, चुम्मन सिन्हा, प्यारे साहू, ईश्वर सिन्हा, दयालु साहू, सुखी दीवान सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। **दोषियों पर कार्रवाई की जाए :** पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ चर्चा कर घटना की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों की जल्द पहचान कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रशासन द्वारा भी मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट करने के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खुसरूपाली की ललिता बारिक ने बताया कि उसका पति सरजू बारीक रोज शराब पीकर झगड़ा विवाद करता रहता है। 23 मई की रात शराब पीकर आया और गाली गलौज करने लगा।

### अपराध : नाश्ते के पैसा को लेकर विवाद पर युवक ने किया हमला

## होटल में घुसकर ब्लेड से किया हमला, पति व बेटे के सामने ही काटी महिला की गर्दन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- बचाव में उतरे दो बेटे और पति भी लहूलुहान, आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद जिले के देवभोग इलाके में सुबह हुई एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया। दीवानमुड़ा गांव के एक छोटे से होटल में रोज की तरह सुबह का कामकाज चल रहा था। चूल्हा जल चुका था, ग्राहक आने लगे थे। एक युवक होटल में घुसा और एक महिला को उसके पति और बेटों के सामने पकड़कर ब्लेड से गर्दन पर हमला कर दिया। महिला की गर्दन से खून की धार बहने लगी और होटल चीख–पुकार से गूंज उठा। जब तक परिवार कुछ समझ पाता, आरोपी मौत का खेल खेल चुका था।

जानकारी के मुताबिक दीवानमुड़ा गांव निवासी पूरीत राम रोज की तरह सोमवार सुबह अपना होटल खोलकर काम में जुटा था। होटल में उसकी पत्नी छबनीता यादव (45 वर्ष) भी हाथ बंटा रही थी। उनके दोनों बेटे भी वहीं मौजूद थे। परिवार का हर सदस्य रोज की तरह सामान्य तरीके से काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक देवीसिंह वहां पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के मुताबिक देवीसिंह सीधे छबनीता यादव के पास पहुंचा और देखते ही देखते उसकी गर्दन पकड़ ली। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, आरोपी ने ब्लेड निकालकर महिला की गर्दन पर हमला कर दिया। मां पर हमला होते देख दोनों बेटे और पति बीच बचाव पहुंचे। देवीसिंह ने महिला के पति पूरित राम यादव (47 वर्ष) और पुत्र हेमंत यादव (21 वर्ष) पर हमला कर दिया। आरोप है कि उसने बचाने आए बेटे की गर्दन पर भी ब्लेड से वार कर दिया। वहीं पति के पेट पर हमला कर उसे भी

▶▶ शेष पेज 10 पर









### लहूलुहान हालत में अस्पताल पहुंचे

घटना के बाद घायल पति और बेटों ने किसी तरह महिला को उठाया और तुरंत देवभोग अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में प्राथमिक उपचार शुरू किया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टर प्रकाश साहू ने जांच के बाद छबनीता यादव को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल और गांव में सनसनी फैल गई। परिजन रो–रोकर बदहवास हो गए। गांव के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचने लगे।

### ओडिशा भागने की फिराक में था आरोपी

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी देवीसिंह ओडिशा भागने के प्रयास में था। देवभोग पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी फैजुल शाह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पंचनामा और अन्य आवश्यक कार्रवाई के बाद अपराध दर्ज किया जाएगा। घटना के बाद पूरे दीवानमुड़ा गांव में मातम पसरा हुआ है।




### पैसे मांगने पर विवाद

छबिता यादव, पति पूरित राम यादव, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम दीवानमुड़ा में चाय की टपरी संचालित करती थीं। जानकारी के अनुसार, गांव के ही आरोपी देवी सिंह यादव पिता गुणधर यादव, उम्र 35 वर्ष नाश्ते के पैसे मांगने की बात पर विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने ब्लेड से छबिता यादव की गर्दन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।




## प्रतिबंधित समय में शहर के भीतर से गुजर रहे रेत भरे हाइवा

- पालिका उपाध्यक्ष और मंडल महामंत्री ने रोका
- थाना भेजकर माइनिंग विभाग को सूचित कर कार्रवाई के लिए कहा

**नवापारा-राजिम।** नगर के जनप्रतिनिधि पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं भाजपा मंडल के महामंत्री सिंटु सौरभ जैन ने बुधवार शाम पौने चार बजे गंज रोड से एक के बाद एक निकल रही रेत भरे हाइवा वाहन को रोका। कहा कि प्रतिबंधित समय में ये गाड़ियां कैसे निकल रही है। ड्राइवर से पीट पास पूछा गया तो उस समय नहीं दिखा पाए। इसके बाद इन तीनों रेत भरी गाड़ियों को गंज रोड मार्ग में हाई स्कूल मैदान ले जाकर खड़ा कराया गया। नपा उपाध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि वे माइनिंग विभाग के अधिकारी श्री भार्गव को फोन लगाया तो माइनिंग अधिकारी ने तत्काल टीम भेजने की बात कही। समाचार भेजे जाने तक इन गाड़ियों को थाना ले जाया जा रहा है। जबकि माइनिंग की टीम पहुंची नहीं थी। हैरान करने वाली बात यह है कि ईधर माइनिंग अधिकारी से जनप्रतिनिधियों की बात हो रही थी और उधर पलक झपकते ही तीनों गाड़ी के पास पीट पास पहुंच जाने की जानकारी सामने आई है।

मालूम हो कि इस संबंध में शहर के व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिको में भारी नाराजगी का वातावरण है, परंतु नवापारा शहर के भीतर से गुजर रहे रेत से भरे हाइवा वाहनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगरवासियों में इसे लेकर लगातार आक्रोश का वातावरण बनता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद भारी वाहन चालक नियमों को खुलेआम चुनौती देते नजर आ रहे हैं। हालत यह है कि प्रतिबंधित समय में भी रेत से लदे हाइवा वाहन धड़ल्ले से शहर के मुख्य मार्गों से गुजर रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार दिन और रात मिलाकर करीब सौ से अधिक रेत भरे हाइवा शहर के बीच बाजार से आवाजाही कर रहे हैं। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से आम नागरिक, व्यापारी और राहगीर भयभीत

▶▶ शेष पेज 10 पर

### नशा छोड़ने का लोगों का दिलाया गया संकल्प

## शराब, गांजा व बीड़ी के नशे जैसी बुराई के खिलाफ गायत्री परिवार ने निकाली शवयात्रा

**मैनपुर।** नशामुक्ति को लेकर गायत्री परिवार द्वारा बुधवार शाम 6 बजे नगर मे अनूठे अंदाज से संदेश देते हुए रैली निकाली। शवयात्रा के साथ ही अनेक प्रकार की झांकी सजाई गई थीं। रैली को देखने नगर में भारी भीड़ लगी रही। वही नशा शराब, गांजा, बीड़ी सिगरेट के खिलाफ निकाली गई यह शवयात्रा, व्यसन मुक्ति रैली के माध्यम से समाज को यह स्पष्ट संदेश दिया गया। नशा करने वाला व्यक्ति और उसका परिवार विनाश की ओर चला जाता है। शवयात्रा में नशा को एक राक्षस और नशा की जड़ मानकर उसकी अर्थी निकाली गई। लोगों को नशामुक्ति के लिए संकल्प दिलाया गया। रैली मे सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए। हाथों में नशे के खिलाफ बड़े बड़े तख्तियां लेकर चल रहे थे, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। इस दौरान कई लोगों ने आज से नशा नहीं करने का संकल्प लिया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान मे गायत्री परिवार मैनपुर द्वारा साहू समाज भवन में चार दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर मे 16 वर्ष से 35 वर्ष के 50 से अधिक युवा भाई बहनें शामिल हो रहे हैं। शिविर मे युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिये महत्वपूर्ण सूत्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया जा रहा हैं प्रांत के कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा सफलता के सूत्र, कैरियर गाइडेंस, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, संस्कारों का विज्ञान आदि विषयो पर रोचक कक्षाएं ली जा रही हैं। साथ ही आज के युवा पीढ़ी को भटकाव से उबारने उन्हे दिशा देकर स्वस्थ संस्कारयुक्त स्वावलंबी नशामुक्त बनाने की प्रेरणा देने, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से परिचित कराने युवा शक्ति को संगठित करने एवं उन्हे युग निर्माण के कार्य मे नियोजित करने युवा

▶▶ शेष पेज 10 पर



## आदिवासी समाज पर अमर्यादित टिप्पणी, नाराज लोग पहुंचे थाने

- सोशल मीडिया में अपशब्दों का भी किया प्रयोग

**मैनपुर।** सोशल मीडिया पर आदिवासी समाज के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी और अपशब्दों के इस्तेमाल से आक्रोशित होकर आदिवासी समाज के लोग अमलीपदर थाना मे पहुंच आरोपी के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। आदिवासी समाज के लोग भारी आक्रोशित नजर आये।

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर निवासी एक व्यक्ति द्वारा आदिवासी समाज के लोगो को सोशल मीडिया मे अपशब्द का उपयोग करते हुए गाली गलौच किया गया। अमर्यादित टिप्पणी से आदिवासी समाज के वरिष्ठ एवं सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग कांदाडोंगर परिक्षेत्र देवभोग अमलीपदर के अध्यक्ष भोले मांझी के नेतृत्व में लोग अमलीपदर थाने पहुंचे। नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही लिखित शिकायत देते हुए आरोपी संस्कार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा इस मामले मे उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

**ये पहुंचे शिकायत करने :** इस दौरान आदिवासी समाज युवा प्रभाग के अध्यक्ष भोले मांझी, धनसिंग मरकाम, शुभम कपिल, पुलस्त नेताम, मधुप्रताप नागेश, दीक्षित मांझी, नवीन सोम, किसन नेताम, अमलीपदर सरपंच हेमोबाई नागेश,

▶▶ शेष पेज 10 पर



## गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को दी गई किताबें और खेल सामग्री

- पुलिस लाइन लाइब्रेरी में कॉमिक्स, ज्ञानवर्धक पुस्तकें और खेलकूद की विशेष व्यवस्था

**गरियाबंद।** गर्मी की छुट्टियों को बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस ने सराहनीय पहल शुरू की है। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर की पहल पर पुलिस कॉलोनी में रहने वाले बच्चों के लिए पुलिस लाइन स्थित लाइब्रेरी में विशेष व्यवस्था की गई है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास और छुट्टियों के रचनात्मक उपयोग को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी में कॉमिक्स, ज्ञानवर्धक कहानियां और महापुरुषों की जीवनियां उपलब्ध कराई गई हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और टीवी जैसी डिजिटल स्क्रीन से दूर रखते हुए उनमें बचपन से ही अध्ययन की आदत विकसित करना है।

पुलिस विभाग ने केवल अध्ययन सामग्री तक ही पहल सीमित नहीं रखी, बल्कि बच्चों के शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए खेल सामग्री भी वितरित की है। अब पुलिस कॉलोनी के बच्चे शाम के समय खेलकूद का आनंद ले रहे हैं, जिससे उनमें खेल भावना, अनुशासन और आपसी तालमेल भी विकसित हो रहा है। इस पहल को लेकर पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने

▶▶ शेष पेज 10 पर

### कलेक्टर ने किसानों से की अपील- पराली न जलाएं

## खेतों में जलती पराली से धुआं-धुआं हुआ अंचल, प्रशासन ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

कलेक्टर बी.एस. उइके ने खेतों में लगातार जल रही पराली को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि किसान पराली नहीं बल्कि अपने आने वाले भविष्य को आग के हवाले कर रहे हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इस तरह की लापरवाही न की जाए। राजिम-गरियाबंद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों और खेतों में इन दिनों पराली जलाने के दृश्य लगातार सामने आ रहे हैं। धान की फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को किसान आग लगाकर नष्ट कर रहे हैं। हालत यह है कि कई गांवों और खेतों के आसपास चारों तरफ धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। सुर्य के तेज रोशनी से लेकर शाम ढलते तक खेतों में उठती आग की लपटें लोगों में चिंता और भय पैदा कर रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार धान कटाई के बाद खेतों में बचा सूखा अवशेष पराली कहलाता है। इसे जलाने से वातावरण में जहरीला धुआं फैलता है, जिससे वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ता है। इसका असर केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इंसानों, पशुओं और जमीन की उर्वरा शक्ति पर भी पड़ता है। लगातार पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं और भूमि की गुणवत्ता कमजोर होने लगती है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत महसूस हो रही है। बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। कई जगहों पर सड़क किनारे धुआं फैलने से दृश्यता भी कम हो रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रशासन भी अब सख्त नजर आ रहा है। कलेक्टर बी.एस. उइके ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खेतों में पराली जलाने की बजाय उसके वैज्ञानिक उपयोग की दिशा में कदम उठाना चाहिए। पराली को खाद, जैविक उर्वरक और पशु चारे के रूप में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज और किसानों की भी नैतिक जिम्मेदारी है।

### जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है

प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि लगातार चेतावनी के बाद भी यदि पराली जलाने की घटनाएं नहीं रुकीं तो संबंधित किसानों पर जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। वहीं ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने भी किसानों से जागरूकता दिखाने और इस खतरनाक प्रवृत्ति को बंद करने की अपील की है। पराली की आग ने इस समय पूरे राजिम-गरियाबंद क्षेत्र को धुंआधुंआ कर दिया है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले दिनों में पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।



## खबर संक्षेप

### मनरेगा की जगह अब जी राम जी योजना, ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिन का रोजगार

**मैनपुर।** केन्द्र शासन ने ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम–2025 बीबी–जी–रामजी को 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करने की घोषणा की है। इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) 2005 का स्थान यह नवीन अधिनियम लेगा। नई योजना के तहत अब प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिवस रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी, जबकि पूर्व में यह सीमा 100 दिवस थी। योजना का उद्देश्य केवल मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण, जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास, आजीविका संवर्धन और जलवायु परिवर्तन से मुकाबले की क्षमता को मजबूत करना है। योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवार ग्राम पंचायत के माध्यम से रोजगार के लिए आवेदन कर सकेंगे तथा आवेदन मिलने के 15 दिवस के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। समय–सीमा में रोजगार उपलब्ध नहीं होने पर पात्र हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान किया गया है।

### राज्य सरकार आयुर्वेद एवं आयुष विभाग के विकास के लिए कर रही काम

# आयुर्वेद विश्व की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों में से एकः विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम



छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के अलावा राजिम विधायक रोहित साहू, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू भी विशेष रूप से शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान प्रदेश में आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक, प्रभावी एवं व्यापक बनाने को लेकर अतिथियों एवं संघ के पदाधिकारियों के मध्य विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

- छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ का प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने आयुर्वेद के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद विश्व की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों में से एक है। यह रोगों के उपचार का माध्यम होने के साथ ही हम भारतीयों की जीवनचर्या में रची बसी एक समृद्ध जीवनपद्धति है। हमारे पूर्वजों द्वारा संरक्षित यह ज्ञान आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आयुर्वेद की प्रासंगिकता निरंतर बढ़ रही है तथा छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विधायक श्री साहू ने विशेष रूप से अपने गृह जिले गरियाबंद में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें विशेष प्रोत्साहन प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सक सीमित संसाधनों के बीच जनसेवा का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं जो अत्यंत प्रशंसनीय है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करना एवं आयुर्वेद अधिकारियों की समस्याओं एवं सुझावों पर गंभीरता से विचार करना था। सम्मेलन में आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली को नई तकनीकों एवं आधुनिक अनुसंधान से जोड़ने, ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित आयुर्वेद औषधालयों की स्थिति सुधारने तथा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संघ की विभिन्न मांगों एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना तथा आश्वस्त किया कि राज्य सरकार आयुर्वेद एवं आयुष विभाग के विकास हेतु हरसंभव कदम उठाएगी।

### नियमितीकरण, वेतनवृद्धि आदि की रखी मांग, मिला आश्वासन

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. गदाधर पांडा ने आयुर्वेद संविदा चिकित्सा अधिकारियों के नियमितीकरण एवं वेतन वृद्धि तथा नियमित आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों के लिए 4 स्तरीय वेतनमान की मांग प्रमुखता से रखी। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। सम्मेलन में प्रदेशभर से आए छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के प्रांतीय प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। स्वास्थ्य मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति तथा उनके सकारात्मक रुख के लिए संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## पेज 9 के शेष

### होटल में घुसकर ब्लेड...

लहूलुहान कर दिया। होटल के भीतर हर तरफ चीखें गूंज रही थीं। परिवार के सदस्य खून से लथपथ जमीन पर गिरते जा रहे थे। इसी बीच आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला की गर्दन से लगातार खून बहता रहा और कुछ ही देर में उसने मौके पर दम तोड़ दिया।

### प्रतिबंधित समय में...

हैं। शहर के संकरे और व्यस्त मार्गों पर तेज रफ्तार से दौड़ते हाइवा किसी बड़े हादसे को न्योता देते दिखाई दे रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि शहर के बीचों-बीच लगातार दौड़ रहे भारी वाहन लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर स्थायी समाधान नजर नहीं आ रहा है। नागरिकों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि लगातार शिकायतों और विरोध के बाद भी रेत भरे हाइवा शहर के भीतर से ही गुजर रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंधित समय में भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों और संबंधित ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि शहर में किसी बड़े हादसे की आशंका को रोका जा सके। पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने हरिभूमि को बताया कि वे स्वयं खड़े होकर इन गाड़ियो को रोका और थाना तथा माइनिंग विभाग को सूचित करते हुए कार्रवाई करने कहा है।

### शराब, गांजा, बीड़ी के...

शिविर का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवा इस शिविर मे शामिल हो रहे हैं।

**ये लोग हो रहे शामिल :** इस मौके पर प्रांतीय प्रशिक्षक टोली में सीपी साहू, लेखराम साहू, आंनद श्रीवास्तव, वरूण साहू, निखिल साहू, ईश्वरी साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वही इस मौके पर सवितानंद साहू, हेमसिंग नेताम, बृजलाल ध्रुव, बाबुलाल साहू, रामस्वरूप साहू, सरपंच मैनपुर हनिता नायक, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, देवकी तिरधारी एवं क्षेत्र के युवा व वरिष्ठजन बड़ी संख्या मे शामिल हो रहे हैं।

### आदिवासी समाज पर...

श्रुति ध्रुवा, धनसिंग कुंजाम, मुकेश मरकाम, लोकेश पाथर, कुंजबिहारी ध्रुव सहित सर्व आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

**पुलिस ने विभिन्न धारा में दर्ज किया मामला :** वही दूसरी ओर मामले की गंभीरता को देखते हुए अमलीपदर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी अमलीपदर दिलीप मेश्राम ने बताया मामले में भारतीय न्याय संहिता बी एन एस धारा 299, 353(2), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम 1989 के तहत 3 (1)(न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

### गर्मी की छुट्टियों में...

कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात ड्यूटी में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण वे अक्सर अपने बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। ऐसे में गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों का समय सही दिशा में व्यतीत हो, इसी सोच के साथ यह शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि किताबें बच्चों का मार्गदर्शन करेंगी, जबकि खेल गतिविधियां उन्हें स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखेंगी।

गरियाबंद पुलिस की इस संवेदनशील और सकारात्मक पहल की पुलिस कॉलोनी के परिजनों और बच्चों ने सराहना करते हुए जिला पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# सुशासन तिहार बना स्वास्थ्य सुरक्षा का माध्यम, देवकी और सावित्री को मिला आयुष्मान कार्ड

**पाण्डुका।** गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए राहत और विश्वास का माध्यम बनते जा रहे हैं। ग्राम पंचायत घटकर्रा के आश्रित ग्राम नागझर में आयोजित समाधान शिविर में कलेक्टर बीएस उईके एवं स्वास्थ्य विभाग की सजगता और संवेदनशील पहल से श्रीमती देवकी बाई एवं श्रीमती सावित्री कमार को राजिम विधायक रोहित साहू के द्वारा आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। अब दोनों हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क उपचार सुविधा प्राप्त हो सकेगी। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए गंभीर बीमारी की स्थिति में उपचार कराना अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है। देवकी बाई एवं सावित्री कमार भी लंबे समय से स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ लेने की पात्र थीं, लेकिन आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया एवं जानकारी के अभाव में आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया था। सुशासन तिहार के समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दोनों महिलाओं की जानकारी का सत्यापन कर



त्वरित प्रक्रिया पूरी की गई और मौके पर ही आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया गया। आयुष्मान कार्ड मिलने के बाद दोनों महिलाओं के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने बताया कि अब बीमारी की स्थिति में बेहतर उपचार की चिंता कम हो गई है। आर्थिक तंगी के कारण पहले बड़े अस्पतालों में इलाज कराने को लेकर डर बना रहता था, लेकिन अब शासन की इस योजना से उन्हें बड़ी राहत मिली है। दोनों हितग्राहियों ने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। समाधान शिविरों में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा जा रहा है।



**खबर संक्षेप**

## लोहरसी में युवक ने श्रमदान कर खोली जाम नाली



**कोपरा।** ग्राम लोहरसी के उच्चत्तर माध्यमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं पटवारी कार्यालय के पास सड़क किनारे नाली में मलबा और गंदगी जमा होने से गंदा पानी जाम हो गया था, इससे आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। राहगीर भी बड़े वाहन को साइड देते-देते नाली में जा गिरते थे। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार सूचना देने के बाद भी सफाई नहीं कराये जाने पर गांव के ही युवक नूतन साहू ने स्वयं आगे आकर श्रमदान करते हुए अकेले नाली की सफाई शुरू कर दी। युवक ने फावड़े की मदद से नाली में जमा कचरा और मलबा निकालकर पानी की निकासी सुचारु किया। लंबे समय से जाम नाली के कारण बदबू और गंदगी फैल रही थी, जिससे बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ था। सफाई के बाद नाली का गंदा पानी बहने लगा और आसपास के लोगों ने राहत महसूस की। स्थानीय नागरिकों ने युवक के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि प्रशासन समय पर ध्यान देता तो लोगों को इस समस्या से नहीं जूझना पड़ता।

### खाद-बीज की निर्बाध आपूर्ति को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, किसानों के हितों से समझौता नहीं करने की चेतावनी

# अन्नदाता के हक में गरियाबंद में किसान संघ का प्रदर्शन

**गरियाबंद।** खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर भारतीय किसान संघ ने बुधवार को गरियाबंद में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में किसान संगठन के पदाधिकारी एवं किसान जिले भर से जुट हुए थे। किसान संघ के पदाधिकारियों और किसानों ने सरकार से मांग की कि प्रदेश के किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज और कृषि आदान उपलब्ध कराया जाए, ताकि खेती प्रभावित न हो।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि किसान देश की खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहा है, लेकिन हर खरीफ सीजन में किसानों को खाद और बीज के लिए परेशान होना पड़ता है। समितियों में पर्याप्त खाद नहीं मिलने और बाजार में कालाबाज़ारी होने से किसानों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। किसान संघ ने आरोप लगाया कि निजी खाद विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूली जा रही है, जिस पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान संघ ने मांग की कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराया जाए तथा किसानों को प्रति एकड़ एक बोरी डीएपी और दो बोरी यूरिया देने की व्यवस्था सुनिश्चित हो। साथ ही निजी खाद दुकानों की नियमित निगरानी कर अधिक कीमत लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

संघ ने एग्रीस्टैक में पंजीकृत किसानों को समितियों में नगद भुगतान के माध्यम से खाद उपलब्ध कराने, नैनो डीएपी और नैनो यूरिया की कीमत कम करने तथा कृषि कार्य के लिए कंटेनर और जेरीकैन में डीजल उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई। इसके अलावा समितियों में गुणवत्तापूर्ण बीजों का भंडारण और हरी खाद के लिए ढेंचा, सन एवं मूंग के बीज सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की मांग की गई।

भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और खरीफ सीजन में खाद-बीज संकट बना रहा तो संगठन भविष्य में बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।



## खाद-बीज की किल्लत पर किसान संघ नाराज, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**छुरा।** आगामी कृषि सीजन की तैयारियों के बीच क्षेत्र में खाद और बीज की सुचारू उपलब्धता को लेकर भारतीय किसान संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों को खाद एवं बीज की संपूर्ण तथा निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

भारतीय किसान संघ के नेताओं ने कहा कि देश में उपजे मौजूदा संकट और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों की गंभीरता को किसान भली-भांति समझता है। अन्नदाता होने के नाते सबका पेट भरने के अपने दायित्व को निभाते हुए किसान आज भी देश के साथ मुस्तैदी से खड़ा है। परंतु, फसल उगाने के लिए आवश्यक कृषि आदानों की व्यवस्था सरकारों को ही करनी होगी।

**भारतीय किसान संघ की प्रमुख 7 सूत्रीय मांगें :** सहकारी समितियों में खाद की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। किसानों को प्रति एकड़ कम से कम एक बोरी डीएपी एवं दो बोरी यूरिया अनिवार्य रूप से दिया जाए। सभी निजी खाद विक्रेताओं पर कड़ा नियंत्रण रखा जाए और तय सही मूल्य पर ही किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए। अधिक मूल्य वसूलने वाले जमाखोरों और दुकानदारों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो। एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत सभी किसानों को समितियों के माध्यम से नगद में भी खाद देने की सुचारू व्यवस्था की जाए। नैनो उर्वरकों के प्रयोग की सही जानकारी के अभाव और वर्षा



के प्रति इनकी अतिसंवेदनशीलता को देखते हुए इनमें विफलता की संभावना अधिक है। अतः प्रति किसान दिए जाने वाले नैनो डीएपी और नैनो यूरिया की कीमत आधी की जाए और इसकी पात्रता की मात्रा को दुगना किया जाए।

किसानों को कृषि कार्यों के संचालन के लिए पेट्रोल पंपों से कंटेनर या जेरीकैन में भी डीजल देने की अनुमति और व्यवस्था दी जाए। खरीफ सीजन के मद्देनजर सोसायटियों में केवल उच्च गुणवत्ता और प्रमाणित बीजों का ही भंडारण सुनिश्चित कराया जाए। भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए हरी खाद के रूप में उपयोग होने वाले ढेचा, सन और मूंग आदि के बीजों को बेहद सस्ती और रियायती दरों पर किसानों को उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान संघ के प्रमुख पदाधिकारी फ़लेन्द्र साहू, ईश्वर लाल यादव, चिंताराम, मनहरण लाल सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान और संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन



**नवापारा-राजिम।** भारतीय किसान संघ तहसील इकाई के प्रमुख नत्थूराम साहू के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं मांगों को लेकर तहसील कार्यालय नवापारा में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक किसान प्रतिनिधि एवं संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसान संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की गई।

ज्ञापन में मुख्य रूप से किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराने, सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, किसानों को समय पर बिजली आपूर्ति देने, फसल समर्थन मूल्य में वृद्धि करने, धान खरीदी व्यवस्था में सुधार करने तथा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग रखी गई। श्री साहू ने कहा कि किसान आज अनेक समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय किसान संघ आगामी समय में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान प्रतिनिधियों ने प्रशासन को बताया कि किसानों को कृषि कार्यों में अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद-बीज की कमी, सिंचाई सुविधाओं का अभाव, बिजली कटौती एवं फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने से किसान आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। किसानों ने शासन से उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान की मांग की। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी, परस साहू गिरिराज साहू भोथीडीह से गोविंद साहू जौंदी गिरधारी ,भुनेश्वर ,पलटन ,मनीष ,थानेद्र संतराम ,नकुल साहू सहित आसपास के किसान प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों की मांगों पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## खाद-बीज समस्या, कांग्रेसी ने मैनपुर में निकाली रैली और की नारेबाजी

**मैनपुर।** खाद बीज की समस्या को लेकर परेशान किसानों ने किसान कांग्रेस ब्लॉक मैनपुर के तत्वावधान में रैली निकाल एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, किसान कांग्रेस के मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष पारेश्वर नेगी, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन विशेष रूप से उपस्थित थे। दोपहर 12 बजे लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह से कांग्रेसियों ने रैली निकाली और



भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

विधायक जनक ध्रुव ने आरोप लगाते हुए कहा जब से भाजपा की सरकार बनी है, किसान बेहद परेशान हो गये हैं किसानों को खाद बीज नहीं मिल पा रहा है। खरीफ सीजन प्रारंभ हो गई है। प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया एवं डीएपी दिया जा रहा है, जो किसानों के साथ अन्याय है। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा यह क्षेत्र पूरी तरह खेती किसानी पर आश्रित है और अभी से किसान खाद बीज के लिए परेशान हो रहे हैं। भाजपा सरकार को किसानों की समस्याओ से कोई लेना देना नहीं है। यह सरकार पूरी तरह विफल है। किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष पारेश्वर नेगी ने कहा जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर और उग्र आंदोलन किया जायेगा।







प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022
दीपक साहू, संवाददाता, सुरसाबांधा, मो. 8959346055

## खबर संक्षेप

### भाजपा सोशल मीडिया की नई कार्यकारिणी घोषित



**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी गरियाबंद सोशल मीडिया की नई कार्यकारिणी, जिला एवं मंडल टोली के संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्यों की घोषणा की गई। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी, संगठन प्रभारी अमित चिमनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं सोशल मीडिया जिला संयोजक अमित वखारिया के मार्गदर्शन में की गई। नई टीम के गठन के साथ संगठन को डिजिटल माध्यमों में और अधिक मजबूती प्रदान करने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन की विचारधारा को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में जिले एवं मंडलों के सक्रिय, ऊर्जावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि नई सोशल मीडिया टीम संगठन की नीतियों, उपलब्धियों एवं जनहित के कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से मजबूती के साथ जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही संगठन विस्तार, जनसंपर्क एवं डिजिटल अभियान को नई गति मिलेगी।

### 9 वर्षीय बच्ची के इलाज में सहयोग के लिए परिवार ने शासन-प्रशासन से मांगी आर्थिक मदद



**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकासखंड के ग्राम कनेसर निवासी संतोष कुमार सेन अपनी नौ वर्षीय पुत्री के इलाज के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। लगातार उपचार कराने के बावजूद उनकी बेटी अब तक पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो पाई है। इलाज में परिवार की पूरी जमा पूंजी खर्च हो चुकी है, जिसके कारण अब वे आगे का उपचार कराने में असमर्थ हो गए हैं। संतोष कुमार सेन ने बताया कि उनकी पुत्री कुमारी लीना सेन उम्र 9 वर्ष जन्म से ही गंभीर बीमारी से पीड़ित है। बच्ची का जन्म बिना मलद्वार के हुआ था। इसके उपचार के लिए वर्ष 2018 से राजा खरिहार के एक निजी अस्पताल में लगातार इलाज कराया जा रहा है। कई बार ऑपरेशन और उपचार होने के बावजूद अब तक इलाज सफल नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि हर छह महीने में बेटी को अस्पताल ले जाना पड़ता है, जहां एक बार के इलाज में लगभग 80 हजार रुपये तक खर्च हो जाते हैं। अब तक लाखों रुपये इलाज में खर्च किए जा चुके हैं। लगातार खर्च के कारण परिवार आर्थिक रूप से पूरी तरह कमजोर हो गया है और अब आगे इलाज कराना मुश्किल हो रहा है।

### धान उपार्जन केंद्र के आसपास खेतों में लगायी जा रही आग

**कोपरा।** एक ओर जिला प्रशासन लगातार लोगों से गर्मी के मौसम में खेतों व खुले क्षेत्रों में आग नहीं लगाने की अपील कर रहा है। वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्व प्रशासन की चेतावनी को नजर अंदाज कर खेतों में आग लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला भेंडरी-लोहरसी धान उपार्जन केंद्र के पास का है, जहां खेतों में आग लगाए जाने से आसपास का पूरा क्षेत्र धुएं और गर्म हवाओं की चपेट में आ गया। नौतपा की भीषण गर्मी में पहले से ही आमजन गर्म हवाओं और बढ़ते तापमान से परेशान हैं। ऐसे समय में खेतों में लगाई जा रही आग से वातावरण और अधिक गर्म हो रहा है, जिससे राहगीरों, ग्रामीणों और आसपास रहने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आगजनी से पेड़-पौधों और छोटे जीव-जंतुओं को भी नुकसान पहुंच रहा है। इंद्रजीत महाडिक जिला पंचायत सदस्य, टीकमचंद साहू समाजसेवी और रोशन साहू समाजिक कार्यकर्त्ता, खेमचंद साहू समाजसेवी, चुन्नीलाल साहू समाजसेवी, अनिल साहू समाजसेवी और उरेन्द्र साहू ने कहा की खेतों में पराली और सूखी घास जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

# तेज गर्मी में आवारा कुत्तों ने गाय को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

नौतपा की भीषण गर्मी के बीच इंसान ही नहीं, बल्कि बेजुबान पशु भी भारी संकट से गुजर रहे हैं। इसी बीच एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। क्षेत्र के ग्राम भेंडरी में पटवारी कर्यालय के पास आवारा कुत्तों के झुंड ने एक बेजुबान गाय को अपना शिकार बना लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुत्तों ने गाय की गर्दन और पेट को बुरी तरह चीथ-चीथ कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नौतपा की भीषण तपिश के कारण जानवर पहले से ही कमजोर और परेशान हैं, ऊपर से आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार शिकायत और सूचना देने के बावजूद जिम्मेदार विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय आवारा कुत्तों के झुंड गांव और सड़कों में घूमते रहते हैं, जिससे छोटे पशुओं के साथ-साथ लोगों में भी भय का माहौल बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी हृदयविदारक घटनाएं दोबारा न हों। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन नहीं जागा तो आने वाले दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। बेजुबान पशुओं की सुरक्षा को लेकर अब ग्रामीणों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**नौतपा की तपिश में आवारा कुत्तों के हमले से दहशत, बेजुबान पशु लगातार हो रहे शिकार**




गर्मी के तेवर से लोग परेशान, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**ग्रामीणों में डर का माहौल**


गौरतलब हो ऐसी घटनाएं पहले भी लोहरसी, सहसपुर और मुरमुरा क्षेत्र में हो चुकी हैं, जहां आवारा कुत्तों के हमले में कई बेजुबान गायों की जान जा चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में डर और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए जल्द ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि बेजुबान पशुओं की जान बचाई जा सके।

## तालाब में नहा रही मासूम के गले पर किया हमला, ग्रामीणों में दहशत

# गरियाबंद में तेंदुए का आतंक, 6 दिन में तीसरा हमला, 6 साल की बच्ची गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





जिले में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते 6 दिनों में तेंदुए द्वारा बच्चों पर हमला किए जाने की यह तीसरी घटना है। ताजा मामला छुरा ब्लॉक क्षेत्र से सामने आया है, जहां तालाब में नहा रही 6 वर्षीय बच्ची पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार छुरा ब्लॉक के ग्राम परसापानी निवासी रामप्रसाद अपने परिवार के साथ मजदूरी कार्य के लिए ग्राम कुरुभाठा आए हुए थे। बुधवार शाम करीब 6 बजे परिवार के लोग गांव के तालाब में नहा रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक रामप्रसाद की 6 वर्षीय बेटी लक्ष्मी पर हमला कर दिया और उसके गले को दबोच लिया। अचानक हुए हमले से बच्ची जोर-जोर से चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर पास में मौजूद परिजन और ग्रामीण दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे और शोर मचाया। लोगों को आता देख तेंदुआ बच्ची को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। हमले में बच्ची के गले में गंभीर चोटें आई हैं।

घायल बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर किया जा रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीण शाम होते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले पंटोरा गांव में भी तेंदुए ने दो बच्चों पर हमला किया था। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद वन विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले तेंदुआ मवेशियों और कुत्तों पर हमला करता था, लेकिन अब वह इंसानों, खासकर छोटे बच्चों को निशाना बना रहा है। इससे उसके आदमखोर होने की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से प्रभावित क्षेत्र में तत्काल पिंजरा लगाने, रात में गश्त बढ़ाने और गांवों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग भी उठाई है।

घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। बच्चों और महिलाओं को अकेले बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जा रही है।

## आदिवासी राजगोंड समाज ने वार्षिक अधिवेशन पर निकाली शोभायात्रा



**रसेला।** आदिवासी राजगोंड समाज तहसील स्तर परिक्षेत्र छुरा द्वारा दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन सेहरापानी में हुआ, जहां संस्कृति, परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक विकास पर जोर दिया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि अश्वनी कागे संयोजक कोया बुमकाल क्रांति सेना, अध्यक्षता की चन्द्रशेखर नागवंशी अध्यक्ष राजगोंड समाज, विशेष अतिथि व वक्ता के रूप में संदीप सलाम सहसचिव सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग, विशिष्ट अतिथि संतोष इन्दवार इंजीनियर समाजिक कार्यकर्ता सहित समाज के पदाधिकारी मंच पर आसीन थे। कार्यक्रम की शुभारंभ प्रथम दिवस पर शोभायात्रा निकालकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ।

मुख्य अतिथि अश्वनी कागे ने कहा कि आज राजगोंड समाज का वार्षिक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज की चेतना परंपरा संस्कृति और भविष्य को जीवित रखने का अद्भुत दृश्य हो रहा है, जब दुनिया रात में सो रहे हैं, तब हमारा राजगोंड समाज जाग रहा है। उन्होंने कहा अपने आने वाले पुश्तों तक पारंपरिक ज्ञान पहुंचने के लिए जल जंगल जीवन की रक्षा के साथ संकल्प और अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रतीक जागरूक होना आवश्यक है। अक्सर हर बैठक में केवल रोजी, बेटी, लेन देन तक सीमित रह जाते हैं। अध्यक्षता कर रहे नागवंशी ने कहा समाज में शिक्षा अति आवश्यक है क्योंकि यह न केवल व्यक्ति का व्यक्तिगत विकास करती है, बल्कि एक सशक्त जागरूक और प्रगतिशील समाज की नींव भी रखती है। इस मौके पर समाज के संरक्षक विद्याधर मरई , उपाध्यक्ष बिसाहू राम, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी मरकाम, सलाहकार लालधर मरकाम, संतराम मरकाम, सदाराम सोरी, पूर्व जनपद अध्यक्ष ताकेश्वरी मांझी, सीआरपीएफ पूर्व उपनिरीक्षक कदम मांझी सहित राजगोंड समाज के समस्त पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य व सभी महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

# नरेंद्र जैन प्रकरण में डीजीपी गौतम से मिले धनेंद्र साहू



**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम से मुलाकात कर सूरजपुर जिले के कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण को तत्काल निरस्त करने तथा इस मामले में शामिल संबंधित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महामंत्री सकलेन कामदार, प्रदेश सचिव ब्रह्मानंद सिंह ठाकुर, रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र (पप्पू) बंजारे, रायपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार मेनन, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर एजाज ढेबर, कन्हैया अग्रवाल तथा अधिवक्ता दिशांत सिंह ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को अवगत कराया कि नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया मामला पूरी तरह से झूठा, निराधार और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर में चल रहे चुनाव प्रचार से नरेंद्र जैन को दूर रखने और उनकी राजनीतिक सक्रियता को बाधित करने के उद्देश्य से सुनियोजित षड्यंत्र के तहत यह फर्जी मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी गतिविधियों को प्रभावित करने तथा राजनीतिक विरोधियों को झूठे मामलों में फंसाने की प्रवृत्ति अत्यंत चिंताजनक है। यदि इस प्रकार की कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई गई तो लोकतांत्रिक संस्थाओं और कानून के शासन पर जनता का विश्वास कमजोर होगा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नरेंद्र जैन के विरुद्ध दर्ज फर्जी प्रकरण को तत्काल समाप्त किया जाए तथा जिन अधिकारियों ने तथ्यों को दरकिनार कर दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की है, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी न्याय की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना एवं अनशन पर बैठे हुए थे।

# कांग्रेस ने मनाई नेहरू की पुण्यतिथि, योगदान को किया याद



**गरियाबंद।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं राष्ट्र निर्माता जवाहर लाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित मिरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पं. नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने पं. नेहरू के देश निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी निभाई और देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में अपने 17 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने देश को मजबूत औद्योगिक आधार प्रदान किया तथा वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में भारत को नई दिशा दी। वक्ताओं ने कहा कि पं. नेहरू ने हरित क्रांति की नींव मजबूत की तथा गुटनिरपेक्ष नीति को सफलतापूर्वक लागू कर भारत को विश्व पटल पर विशेष पहचान दिलाई। विश्व बंधुत्व और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। कार्यक्रम में महेंद्र राजपूत, ब्लॉक उपाध्यक्ष रमेश मेश्राम, मुलसिंग ठाकुर, विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, कादर हिंगोरा, महामंत्री परमजीत कौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सविता गिरी, प्रतिभा पटेल, गुरनूर कौर, मंडल अध्यक्ष भानु सिन्हा, गैंद लाल सिन्हा, मुकेश रामटेके, अक्तूराम यादव, लक्ष्मण चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण को लेकर जनप्रतिनिधियों ने चलाया जन-जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



क्षेत्र में लगातार गिरते भूजल स्तर और गर्मी के मौसम में बढ़ते जलसंकट को देखते हुए जल संरक्षण को लेकर जन-जागरुकता अभियान तेज हो गया है। गांव-गांव में लोगों को सोखता गड्ढा निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि घरों से निकलने वाले बेकार पानी एवं वर्षा जल का सदुपयोग कर भूजल स्तर को बढ़ाया जा सके। इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए जनप्रतिनिधि भी सक्रिय रूप से लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है। और वर्तमान समय में जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा कि यदि आज पानी बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। विधायक ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार अपने घर में सोखता गड्ढा बनाकर इस अभियान में भागीदारी निभाए और जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझे।

**घर में वर्षा जल संचयन और सोख्ता बनाएं :** जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि सोखता गड्ढा निर्माण से गांवों में गंदे पानी का जमाव नहीं होगा, जिससे स्वच्छता बनी रहेगी और बीमारियों में भी कमी आएगी। उन्होंने बताया कि घरों से निकलने वाला पानी यदि सही तरीके से जमीन में समाहित किया जाए तो भूजल स्तर बढ़ाने में काफी मदद मिल सकती है। जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने घरों में वर्षा जल संचयन एवं सोखता गड्ढा निर्माण को प्राथमिकता दें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अभियान के तहत ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि लगभग 3 फीट लंबा, 3 फीट चौड़ा एवं 3 फीट गहरा सोखता गड्ढा बनाकर उसमें कंकड़, पत्थर, बजरी और रेत डाली जाती है। इसमें घरों का नहाने, कपड़े धोने एवं बर्तन साफ करने का पानी तथा वर्षा जल छोड़ा जाता है, जिससे पानी धीरे-धीरे जमीन में समाहित होकर भूजल स्तर बढ़ाने में सहायक बनता है।

**जलसंरक्षण भविष्य की सुरक्षा का आधार :** जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जल संरक्षण केवल आज की जरूरत नहीं बल्कि भविष्य की सुरक्षा का आधार है। यदि प्रत्येक गांव और प्रत्येक परिवार इस दिशा में छोटे-छोटे प्रयास करे तो आने वाले समय में जल संकट की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अभियान के माध्यम से लोगों को जल बचाएं, भविष्य बचाएं का संदेश दिया जा रहा है, ताकि गांव स्वच्छ, स्वस्थ और हरा भरा बन सके।

# भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का विस्तार

**नवापारा-राजिम।** झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दयालु गाड़ा ने जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं मंडल संयोजक सहसंयोजक की सूची घोषित किया। इसमें मयाराम साहू को नवापारा मंडल जिला सहसंयोजक, भरत पंसारी खरोरा मंडल सहसंयोजक, बेदव्यास तारक अभनपुर मंडल जिला सहसंयोजक, कृष्ण साहू चपारण मंडल सहसंयोजक, मुरली पंसारी खरोरा मंडल कोषाध्यक्ष, रूपेंद्र चंद्राकर नवापारा मंडल सहकोषाध्यक्ष, कोमल यदु सिलयारी धरसींवा कार्यालय मंत्री, नमित यादव मंदिर हसौद सहकार्यालय मंत्री, यशवंत सेन तिल्दा सोशल मीडिया प्रभारी, बंटी साहू पिरदा विधानसभा सहसोशल मीडिया प्रभारी, शिवकुमार वर्मा तिल्दा मीडिया प्रभारी, दिवाकर चंदेल बंगोली सहमीडिया प्रभारी, अंकेश्वर देवांगन समोदा मन की बात प्रभारी, गंगूराम साहू चंपारण जिला मन की बात सह प्रभारी, सन्नी पम्वानी खरोरा संवाद प्रभारी तथा कीर्तिन पाल आरंग संवाद सह प्रभारी नियुक्त किया गया। मंडल संयोजक एवं सह संयोजकों में चैतराम पाल आरंग संयोजक, फंगूराम यादव सह संयोजक, तुलसीराम साहू मंदिर हसौद संयोजक, बल्ला यादव मंदिर हसौद सह संयोजक, शेष नारायण चक्रधारी का संयोजक, नकुल साहू समोदा सह संयोजक, भूखन घिदौड़े अटल नगर संयोजक, राहुल राय अटल नगर सह संयोजक, भरत निषाद सांकरा धरसीवा संयोजक, दौलत निषाद धरसीवा सह संयोजक, परमानंद वर्मा बोहरनी धाम संयोजक, जितेंद्र पटेल सह संयोजक, रमेश वर्मा बंगोली संयोजक, द्रोण हनुमता बंगोली सह संयोजक, दिनेश साहू अभनपुर संयोजक, भोज राम यादव अभनपुर सह संयोजक, रवि कुर्रे पिरदा संयोजक, राधेश्याम सह संयोजक, राम जी साहू को सारखी खोरपा संयोजक, रूपेन्द्र सिन्हा आमदी खोरपा सह संयोजक, चिम्मन लाल गोरभाट तामासिवनी संयोजक, ईश्वर साहू चपारण सह संयोजक, श्रवण वर्मा तिल्दा ग्रामीण संयोजक, धनुष साहू तिल्दा ग्रामीण सह संयोजक, कमलेश चक्रधारी नवापारा संयोजक, एवन चक्रधारी नवापारा सह संयोजक, विरेन्द्र बंजारे खरोरा संयोजक, हिरा सिंग वर्मा खरोरा सह संयोजक, मोनेश कुमार साहू तिल्दा संयोजक तथा अनिल वर्मा तिल्दा सह संयोजक बनाया गया। जिला कार्यसमिति सदस्यों में डॉ. रमेश सोनसायटी नवापारा मंडल, कार्तिक राजवंशी पिपरौद नवापारा, गिरवर रात्रे (पूर्व सरपंच) पारागांव नवापारा मंडल, शिव कुमार चंद्राकर को खोली अभनपुर, निर्मल श्रीवास धरसींवा, टेकराम मन्नाड़े पोंड चंपारण, मनहरण साहू निसदा चंपारण, राज कुमार कोसरिया अकोली खुर्द चंपारण, देवनाथ साहू मोखेतरा चंपारण, उदय राम साहू भटगांव खोरपा, जयसिंह यादव को विधानसभा, गौतम तारक सिवनी अभनपुर, अमित निषाद खोल्हा अभनपुर, भरतराय भटिया समोदा, राजू ढ़ीवर चण्डी अभनपुर, राजा पाल खरोरा, रोहित सेन नवापारा तथा घनश्याम साहू नवापारा मंडल का सदस्य बनाया गया। जिला विशेष आमंत्रित सदस्यों में बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा, मंत्री खुशवंत साहेब ,मंत्री टंकराम वर्मा ,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ,भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ,विधायक अनुज शर्मा ,विधायक इंद्रकुमार साहू ,ध्रुवकुमार मिर्झा अध्यक्ष चर्म शिल्प कला बोर्ड, नवीन अग्रवाल जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर, सुरेन्द्र पाटनी भाजपा जिला प्रभारी रायपुर ग्रामीण, श्याम नारंग भाजपा जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण, संजय ढीढी पूर्व विधायक, गुलाब टिकरिहा पूर्व जिला अध्यक्ष, संदीप जैन नगरपालिका अध्यक्ष आरंग, हृदय राम साहू पूर्व जिला महामंत्री, कुंदन बघेल पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, विजय गोयल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, किशोर देवांगन प्रदेश मंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग, परदेशीराम साहू अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा, पारसमणी साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष खोरपा, दिनेश खुटे जनपद उपाध्यक्ष धरसीवा, अशोक गंगवाल भाजपा कार्यकर्ता, अनिल अग्रवाल पूर्व जिला कोषाध्यक्ष तिल्दा तथा साधना सौरज पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष शामिल हैं।



